# मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः19.10.2025

## थाना कोतवाली कटरा साइबर क्राइम टीम द्वारा धोखाधड़ी से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 1,05,000.00 को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस-

आवेदक अभिषेक यादव पुत्र स्व0 बसन्त लाल यादव निवासी रानीबाग थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 16.07.2025 को थाना कोतवाली कटरा के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि फोनपे के माध्यम से तीन बार में कुल ₹ 1,05,000/- की निकासी की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली कटरा की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली कटरा पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान ₹ 1,05,000/- को होल्ड कराते हुए साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा की साइबर सेल द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशी 1,05,000/- रुपये वापस कराया गया। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर सेल थाना कोतवाली कटरा पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

साइबर सेल टीम थाना कोतवाली कटरा-

1. उ0नि0 बैद्यनाथ सिंह, थानाध्यक्ष थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर।
2. उ0नि0 कृष्णकांत त्रिपाठी प्रभारी साइबर सेल,आरक्षी इरफान अंसारी थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर।




******